दिन– सोमवार दिनांक– 23/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का पांचवां और अंतिम चरण आज से शुरू हो रहा है। जहानाबाद और अरवल जिले को देंगे कई विकास परियोजनाओं की सौगात।

02 राज्य सरकार ने पैक्स के लिए सदस्यों की अधिकतम संख्या की बाध्यता समाप्त की। इच्छुक व्यक्ति ऑनलाइन आवेदन कर बन सकते हैं पैक्स सदस्य।

03. गया जंक्शन पर पैंतालीस दिनों बाद रेल सेवाएं पूरी तरह हुई बहाल। हटिया–पूर्णिया कोर्ट और बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस समेत दर्जनभर ट्रेनों का परिचालन गया जंक्शन के रास्ते शुरू।

04. और, लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान करेंगे।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के पांचवें और अंतिम चरण की आज से शुरूआत हो रही है। श्री कुमार इस दौरान जहानाबाद और अरवल जिले को कई विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। जहानाबाद से हमारे संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

———साउंड बाइट———

जहानाबाद में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सत्तर करोड़ रूप्ये लागत वाली अट्ठासी योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। साथ ही वे एक सौ बयासी करोड़ रूपये लागत की तिहत्तर योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण करेंगे। श्री कुमार जिले में चल रही विभिन्न विकास और कल्याणकारी परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री का जनसंवाद का भी कार्यक्रम है। आकाशवाणी समाचार के लिए जहानाबाद से आभाष रंजन।

इधर, अरवल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री तिरेसठ करोड़ रूपये लागत वाली बाईस योजनाओं का शिलान्यास और नब्बे करोड़ रूपये लागत वाली दो सौ पचास योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री यहां जनसंवाद भी करेंगे।

———————————————————————

राज्य सरकार ने पैक्स के लिए सदस्यों की अधिकतम संख्या की बाध्यता समाप्त कर दी है। अब पैक्स की सदस्यता के लिए कोई भी इच्छुक व्यक्ति ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इस संबंध में सहकारिता विभाग ने सभी पैक्सों को आदेश जारी कर

दिया है। पैक्सों का प्रबंधन तेरह सदस्यीय समिति की ओर से किया जाएगा। प्रबंध समिति में पचास प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे।

———————————————————

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की कार्रवाई के दौरान भ्रष्ट पदाधिकारी या कर्मी अब डिजिटल सबूतों को नष्ट नहीं कर सकेंगे। निगरानी ने हाईटेक फॉरेंसिक इमेजर मशीन का इस्तेमाल शुरू कर दिया है, जिसकी मदद से कंप्यूटर, मोबाइल और डिजिटल उपकरणों से मिटाए गए डाटा तथा छिपी हुई फाइलों की भी रिकवरी की जा सकेगी। ब्यूरो के महानिदेशक जे.एस. गंगवार ने बताया कि इस उपकरण की मदद से डिजिटल सबूतों को अधिक सुरक्षित और सटीक तरीके से जुटाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इस मशीन से जांच की गति बढ़ेगी और साक्ष्यों की विश्वसनीयता भी मजबूत होगी। श्री गंगवार ने बताया रिश्वतखोरी, वित्तीय अनियमितताओं और साइबर अपराध से जुड़े मामलों में यह तकनीक बेहद कारगर साबित होगी।

———————————————————

प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलेगा। पुलिस तस्करों के खिलाफ राष्ट्रीय और राजकीय राजमार्ग तथा रेल मार्ग पर एक साथ अभियान चलाएगी। मद्य निषेध एवं स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने इस संबंध में सभी जिलों को निर्देश जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि यह अभियान पच्चीस मार्च की शाम से देर रात तक चलाया जाएगा। इस दौरान मादक पदार्थ के तस्करों के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे इलाकों में भी सघन अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————

गया जंक्शन पर रेल सेवाएं पूरी तरह बहाल हो गई हैं। प्लेटफॉर्म संख्या दो और तीन के पुनर्विकास कार्य के कारण इक्कीस मार्च तक मेगा ब्लॉक लगाया गया था, जिससे कई ट्रेनों का परिचालन बाधित था। पैंतालीस दिनों बाद इन प्लेटफॉर्मों पर ट्रेनों का संचालन फिर से शुरू कर दिया गया है, जिससे रेल यातायात सामान्य होने लगा है। मेगा ब्लॉक समाप्त होते ही चाकंद से पटना के लिए परिचालित होने वाली सभी मेमू ट्रेन अब गया जंक्शन से सीधे पटना के लिए चलने लगी हैं। वहीं, हटिया–पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस, बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस और भभुआ–पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस सहित दर्जनभर ट्रेनों का परिचालन अब गया जंक्शन के रास्ते शुरू हो गया है।

———————————————————

प्रदेश के रेल यात्रियों को अब तत्काल टिकट लेने के लिए काउंटर पर घंटों कतार में खड़े होने की जरूरत नहीं होगी। तत्काल टिकट के लिए यात्री जैसे ही रात बारह बजे से स्टेशन पहुंचेंगे, **'क्यू–मित्र'** नामक सॉफ्टवेयर से टोकन जारी होगा। इसके आधार पर सुबह काउंटर खुलने पर यात्री क्रमांक के अनुसार कतार में खड़े होकर टिकट प्राप्त कर सकेंगे। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि भारतीय रेलवे में पहली बार इसका ट्रायल सोनपुर मंडल के बेगूसराय स्टेशन पर किया जा रहा है। इस स्टेशन पर ट्रायल सफल होने के बाद इसे पूर्व मध्य रेलवे के सभी स्टेशनों पर लागू किया जाएगा।

———————————————————————

लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान करेंगे।

———म्यूजिक———

आज शाम व्रती भगवान भास्कर को खीर का भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके बाद छठ व्रतियों का छत्तीस घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जायेगा। कल अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। पच्चीस मार्च को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ इस महापर्व का समापन हो जायेगा। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि राजधानी पटना में गंगा नदी के उनचास घाटों पर जिला प्रशासन ने छठ व्रतियों के लिए व्यवस्था की है।

———साउंड बाइट———

राजधानी पटना में चैती छठ को लेकर तैयारियों का अंतिम रूप दिया जा रहा है। दानापुर से लेकर पटना सिटी तक के गंगा घाटों को उन्नीस सेक्टरों में बांटा गया है। इन घाटों पर रौशनी, बैरिकेडिंग, शौचायल, चेंजिंग रूम, वाटर टैंकर और चिकित्सा की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी त्याग राजन एस.एम. ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से पर्व की समाप्ति तक गंगा नदी में नाव परिचालन पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रमुख घाटों पर सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से भीड़ की निगरानी की जाएगी। इधर, महापर्व छठ को लेकर राजधानी पटना में यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। कल दोपहर बारह बजे से शाम सात बजे तक और पच्चीस मार्च की रात दो बजे से सुबह आठ बजे तक करगिल चौक से पूरब दीदारगंज तक किसी भी प्रकार के वाहनों का परिचलान नहीं होगा। अशोक राजपथ के सभी इंट्री प्वाइंट बंद रहेंगे। दीघा मोड़ से आशियाना मोड़ की तरफ उत्तर से दक्षिण की ओर वाहनों का परिचलान भी बंद कर दिया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

———म्यूजिक———

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम होने के साथ ही प्रदेश के अधिकांश स्थानों का मौसम शुष्क बना हुआ है। अधिकतम तापमान में शनिवार के मुकाबले रविवार को तेरह डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं, न्यूनतम तापमान में कल लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। पिछले चौबीस घंटों के दौरान इकतीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ अररिया का फारबिसगंज राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। इस बीच, मौसम विभाग ने छब्बीस मार्च से एक बार फिर मौसम में

बदलाव का पूर्वानुमान जताया है। विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के साथ ही छब्बीस मार्च से अट्ठाईस मार्च के बीच प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में गरज—चमक के साथ बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवा चलने की संभावना है।

————————————————————

बिहार दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय समारोह के आज दूसरे दिन राजधानी पटना में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। गांधी मैदान में जाने—माने पार्श्व गायक शान की प्रस्तुति होगी। वहीं, एस.के. मेमोरियल हॉल में मोहिनीअट्टम युगल नृत्य और बुद्धचरित पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति होगी। इसके अलावा, रविन्द्र भवन में दरभंगा घराने के मल्लिक बंधु ध्रुपद गायन पेश करेंगे। रविन्द्र भवन में ही हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कवि सम्मेलन में सुरेन्द्र शर्मा, शंभू शिखर, संजीव मुकेश, सान्या राय और पद्मिनी शर्मा शामिल होंगी।

————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के तीन वीर सेनानियों — शहीद—ए—आजम भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। देश के इन तीन वीर सपूतों को वर्ष उन्नीस सौ इकतीस में आज ही के दिन लाहौर के केंद्रीय कारागार में फांसी दी गई थी। इन स्वतंत्रता सेनानियों को सत्रह दिसंबर उन्नीस सौ अट्ठाईस को लाहौर में ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जे.पी. सॉन्डर्स की हत्या के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों वीर सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

———साउंड बाइट———

————————————————————

महान समाजवादी राम मनोहर लोहिया की जयंती पर राष्ट्र उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉक्टर लोहिया को श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में डॉ. लोहिया को दूरदर्शी नेता बताया। इधर, राजधानी पटना के लोहिया उद्यान में इस अवसर पर आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

————————————————————

अररिया जिले के नरपतगंज के पलासी और बथनाहा के बीच चौहान टोला के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, किशनगंज जिले के पौआखाली थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरियाहट कब्रिस्तान के पास सड़क हादसे में मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरी तरफ, पटना जिले के परसा बाजार थाना क्षेत्र के सिमरा मोड़ के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल एक व्यक्ति को रौंदते हुए डिवाइडर से टकरा गयी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

———————————————————

पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र के मीना बाजार में पुलिस ने छापेमारी कर गैस रिफिलिंग के अवैध धंधे का भंडाफोड़ किया है। छापेमारी के दौरान तेईस एलपीजी सिलेंडर जब्त किये गए। मौके से एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुयी है।

पटना के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में शराब तस्करी के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस ने चार सौ तेईस लीटर  शराब बरामद कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार दिवस से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – बिहार दिवस : एक स्वर में उत्कर्ष की गाथा।

**दैनिक जागरण** ने बिहार दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिखे पत्र से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अखबार लिखता है – नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार एक बड़े परिवर्तन का साक्षी बना; नरेंद्र मोदी। **दैनिक भास्कर** ने लिखा है – संकट के बीच सरकार सतर्क, पीएम का निर्देश : जमाखोरी और कालाबाजारी न हो।

**प्रभात खबर** लिखता है – ट्रंप ने चेताया – अड़तालीस घंटे के भीतर होर्मुज खोलें, नहीं तो उड़ा देंगे ऊर्जा संयंत्र, ईरान का करारा जबाव : हम भी हमले को तैयार। **राष्ट्रीय सागर** के शब्द हैं – रामनवमी को नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे बालेन्द्र शाह। **आज अखबार** लिखता है – चैती छठ : संकल्प व्रत से आरंभ।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का पांचवां और अंतिम चरण आज से शुरू हो रहा है। जहानाबाद और अरवल जिले को देंगे कई विकास परियोजनाओं की सौगात।

02 राज्य सरकार ने पैक्स के लिए सदस्यों की अधिकतम संख्या की बाध्यता समाप्त की। इच्छुक व्यक्ति ऑनलाइन आवेदन कर बन सकते हैं पैक्स सदस्य।

03. गया जंक्शन पर पैंतालीस दिनों बाद रेल सेवाएं पूरी तरह हुई बहाल। हटिया–पूर्णिया कोर्ट और बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस समेत दर्जनभर ट्रेनों का परिचालन गया जंक्शन के रास्ते शुरू।

04. और, लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान करेंगे।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।